otal No. of Printed Pages—7

**1 SEM TDC HIND MIL (A) 1**

**2012**

( November )

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 101

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***7***

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32

*andidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 40

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) कविवर बिहारी द्वारा रचित उस एक ग्रंथ का नाम बताइए, जो उनकी कीर्ति का आधार है।

(ख) हिन्दी साहित्याकाश में चन्द्रमा का स्थान किस कवि को दिया गया है?

(ग) हिन्दी साहित्य में आधुनिक युग की मीरा किसे कहा गया है?

(घ) कबीरदास भक्तिकाल की किस धारा के कवि थे?

(ङ) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है?

(च) जयशंकर प्रसाद जी द्वारा लिखित 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में मिहिरदेव कौन हैं?

(छ) असमिया समाज किस साहित्यकार को साहित्यरथी कहता है?

(ज) चित्रवन स्टूडियो में सर्वप्रथम किस असमिया चलचित्र का निर्माण हुआ?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×4=1

(क) "कहतु शंकर ए दुःख सागर
पार करा हृषीकेश।
तुहु गति मति देहु श्रीपति
तत्त्वपन्थ उपदेश॥"

**अथवा**

"हिन्दू की हिन्दुवाई देखी, तुरकन की तुरकाई।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, कौन राह है जाई॥"
—में कवि कबीर हमें क्या समझाना चाहते हैं?





(ख) "बड़े न हूजे गुननु बिनु, बिरद बड़ाई पाय।
कहत धतूरे सौं कनक, गहनौ गढ़यौ न जाय॥"
—का भाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"ऊधो! मन नहिं दस बीस।
एक हुतौ सो गयो स्याम संग को अवराधै ईस?"
—के माध्यम से गोपियाँ उद्धव जी को क्या समझाना चाहती हैं?

(ग) "सबका दायित्व लिया मैंने अपने ऊपर
अपना दायित्व सौंप जाता हूँ सबको"
यह किस कविता की पंक्ति है तथा इसका अभिप्राय क्या है?

**अथवा**

"मुसलमान औ हिन्दू हैं दो
एक मगर उनका प्याला
एक मगर उनका मदिरालय
एक मगर उनकी हाला"
इस काव्य-खण्ड के माध्यम से कवि बच्चन क्या संदेश दे रहे हैं?

(घ) निम्नलिखित में से किसी **एक** चरित्र से अपना परिचय प्रदर्शित कीजिए :

(i) शिखरस्वामी

(ii) चन्द्रगुप्त

**3.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×3=1

(क) रामराज नभगेस सुनु सचराचर जग माहिं।
काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहहु नाहिं।
सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरण सेवक नर नारी॥
एक नारि ब्रत रत सब झारी। ते मन वचन क्रम पति हितकारी॥

**अथवा**

नर की अरु नल-नीर की, गति एकै करि जोइ।
जेतौ नीची ह्वै चलै, तेतौ ऊँचौ होई॥
संगति सुमति न पावहीं, परे कुमति के कंध।
राखौ मेलि कपूर मैं, हींग न होत सुगंध॥

(ख) विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली
मैं नीर भरी दुःख की बदली

**अथवा**

वे हुलसित हैं
अपनी ही फसलों में डूब गए हैं
तुम हुलसित हो
चितकबरी चाँदनियों में खोए हो
उनको दुःख है
नए आम की मंजरियों को पाला मार गया है
तुमको दुख है
काव्य-संकलन दीमक चाट गए हैं।





(ग) स्त्री और पुरुष का परस्पर विश्वासपूर्वक अधिकार रक्षा और सहयोग हो तो विवाह कहा जाता है। यदि ऐसा न हो, तो धर्म और विवाह खेल है।

**अथवा**

राजनीति! राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब कुछ नहीं है। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्व मानव के साथ व्यापक सम्बन्ध है।

**4.** "सूर का 'भ्रमरगीत' वियोग शृंगार का ही उत्कृष्ट ग्रंथ नहीं है वरन् उसमें सगुण और निर्गुणवाद का भी सुन्दर काव्यविवेचन है।" पठित अंश के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए। 8

**अथवा**

'काव्यांजलि' में प्रस्तुत भजनों के आधार पर यह सिद्ध कीजिए कि कबीर अपने समय की सामाजिक परिस्थितियों के प्रति अत्यंत जागरूक थे।

**5.** डॉ० धर्मवीर भारती के साहित्यिक व्यक्तित्व का परिचय देते हुए 'अंधायुग' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 10

**अथवा**

'हालावाद' के अग्रणी कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता 'मेल कराती मधुशाला' के पठित अंशों के आधार पर उसका काव्य-सौन्दर्य निरूपित कीजिए।

6. उद्देश्य की दृष्टि से 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की आलोचना कीजिए। 1

**अथवा**

'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की विशेषताओं पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

7. पठित निबन्ध के आधार पर ज्योतिप्रसाद अगरवाला के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 9

**अथवा**

"असमिया साहित्य एवं जीवन के शलाका-पुरुष लक्ष्मीनाथ बैजबरुआ का साहित्य में वही स्थान है जो हिन्दी साहित्य में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का।" पठित निबन्ध के आधार पर इस उक्ति की समीक्षा कीजिए।

**( In lieu of Internal Assessment )**

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) "रीतिकालीन काव्य की रीतिसिद्ध काव्यधारा में बिहारी का सर्वश्रेष्ठ स्थान है।" पठित दोहों के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ख) "हरिवंश राय बच्चन हिन्दी की गीतिकाव्यधारा के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं।" पठित काव्यांश के आधार पर इस तथ्य को प्रमाणित कीजिए।

(ग) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर मन्दाकिनी का चरित्र-चित्रण कीजिए।



( Continued )



(घ) इनमें से किसी **एक** के साहित्यिक व्यक्तित्व से अपना परिचय प्रदर्शित कीजिए :

*(i)* ज्योतिप्रसाद अगरवाला

*(ii)* लक्ष्मीनाथ बैजबरुआ

★★★